# UP Board Class 12 Economics Important Questions Chapter 4 आय और रोजगार के निर्धारण

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
'सेटेरिस पारिबस' की मान्यता का अर्थ लिखिए।
उत्तर:
सेटेरिस पारिबस की मान्यता का तात्पर्य अन्य बातें समान रहने की मान्यता से है।

प्रश्न 2.
यथार्थ माप को परिभाषित कीजिए।
उत्तर:
किसी अर्थव्यवस्था में दिए हुए वर्ष में विभिन्न मदों के वास्तविक मूल्य को यथार्थ माप कहते हैं।

प्रश्न 3.
विनियोग का क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
एक वर्ष की अवधि में उत्पादन हेतु किए जाने वाले व्यय को विनियोग कहते हैं।

प्रश्न 4.
प्रत्याशित माप से आपका क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
विभिन्न परिवर्तों जैसे-उपभोग, निवेश, निर्गत आदि के नियोजित मूल्य को प्रत्याशित माप कहते

प्रश्न 5.
एक खुली अर्थव्यवस्था में समग्र मांग के क्या घटक होंगे?
उत्तर:
खुली अर्थव्यवस्था में समग्र माँग = कुल उपभोग + कुल निवेश + निर्यात - आयात।

प्रश्न 6.
यदि M.P.C. (सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति) का मान 0.6 हो तो गुणक का मान ज्ञात कीजिए।
उत्तर:
गुणक =11−MPC=11−0.6=10.4=2.5=11−MPC=11−0.6=10.4=2.5

प्रश्न 7.
जब सीमान्त बचत प्रवृत्ति शून्य हो तो सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति का मूल्य क्या होगा?
उत्तर:
MPC = 1 - MPS
= 1 - 0
MPC = 1

प्रश्न 8.
किसी अर्थव्यवस्था में घरेलू उपभोग माँग के स्तर को क्या निर्धारित करता है?
उत्तर:
घरेलू उपभोग माँग परिवार क्षेत्र की आय द्वारा निर्धारित होती है।

प्रश्न 9.
माँग आधिक्य से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
जब अर्थव्यवस्था में समन माँग, समग्र पूर्ति से अधिक होती है।

प्रश्न 10.
बचत क्या है?
उत्तर:
आय का वह भाग जो उपभोग के पश्चात् शेष बचता है।

प्रश्न 11.
प्रभावपूर्ण माँग किसे कहते हैं ?
उत्तर:
कुल माँग का वह स्तर जहाँ कुल माँग एवं कुल पूर्ति बराबर हों।

प्रश्न 12.
सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) एवं सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) में सम्बन्ध बताइये। '
उत्तर:
सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS) + सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) =1
MPC = 1 - MPS
MPS = 1 - MPC

प्रश्न 13.
क्या अर्थव्यवस्था में AD = AS अथवा S= 1 होने पर पूर्ण रोजगार की स्थिति होती है?
उत्तर:
यह आवश्यक नहीं कि AD = AS अथवा S= 1 पर पूर्ण रोजगार हो।

प्रश्न 14.
यदि सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति का मूल्य . 0.8 है तो गुणक मूल्य की गणना करें।
उत्तर:
गुणक =11−MPC=11−0.8=10.2=5=11−MPC=11−0.8=10.2=5

प्रश्न 15.
यदि सीमान्त बचत प्रवृत्ति का मूल्य 0.25 है, गुणक मूल्य की गणना करें।
उत्तर:
गुणक = 11−MPC 1MPS=10.25=411−MPC1MPS=10.25=4

प्रश्न 16.
राष्ट्रीय आय का अध्ययन अर्थशास्त्र की जिस शाखा में किया जाता है, उसका नाम बताइए।
उत्तर:
समष्टि अर्थशास्त्र में।

प्रश्न 17.
कोई एक समस्या बताइए, जिसका अध्ययन समष्टि अर्थशास्त्र में किया जाता है।
उत्तर:
बेरोजगारी की समस्या।

प्रश्न 18.
किसी अर्थव्यवस्था में लोगों द्वारा सम्पूर्ण रूप से अर्थव्यवस्था की कुल अतिरिक्त आय का जो अंश अथवा अनुपात बचाया जाता है, उसे क्या कहा जाता है?
उत्तर:
सीमान्त बचत प्रवृत्ति।

प्रश्न 19.
सीमान्त बचत प्रवृत्ति तथा सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति का योग कितना होता है?
उत्तर:
सीमान्त बचत प्रवृत्ति + सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति = 1

प्रश्न 20.
कुल प्रत्याशित उपभोग व्यय तथा कुल प्रत्याशित निवेश व्यय के योग को क्या कहा जाता है?
उत्तर:
प्रत्याशित समस्त मांग।

प्रश्न 21.
समीकरण Y = A + c.Y में A द्वारा क्या दर्शाया जाता है?
उत्तर:
कुल स्वायत्त व्यय।

https://www.evidyarthi.in/

## लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
निवेश गुणक की प्रक्रिया को संक्षेप में समझाइए।
उत्तर:
निवेश बढ़ने से लोगों की आय बढ़ती है जिससे माँग बढ़ती है, इससे उत्पादकों की आय बढ़ती है जिससे पुन: निवेश बढ़ता है। यह प्रक्रिया चलती रहती है एवं आय में कई गुना वृद्धि होती है।

प्रश्न 2.
सरकार रहित अर्थव्यवस्था में अन्तिम वस्तु की कुल प्रत्याशित उपयोग व्यय 250 करोड़ रु. एवं कुल प्रत्याशित निवेश व्यय 100 करोड़ रु. है तो प्रत्याशित कुल माँग ज्ञात कीजिए।
उत्तर:
अन्तिम वस्तु की प्रत्याशित कुल माँग = C + I
(यहाँ C =अन्तिम वस्तु की कुल प्रत्याशित उपयोग I = कुल प्रत्याशित निवेश है।)
प्रत्याशित कुल माँग = 250 + 100
= 350 करोड़ रुपये

प्रश्न 3.
निवेश किसे कहते हैं?
उत्तर:
निवेश को भौतिक पूँजी के स्टॉक में वृद्धि एवं उत्पादक की माल सूची में परिवर्तन के रूप में परिभाषित किया जाता है।

प्रश्न 4.
प्रेरित निवेश किसे कहते हैं?
उत्तर:
प्रेरित निवेश वह निवेश होता है जो आय तथा व्यय की मात्रा पर निर्भर करता है। यदि आय तथा लाभ के बढ़ने की सम्भावना रहती है तो यह बढ़ता है।

प्रश्न 5.
सीमान्त बचत प्रवृत्ति की परिभाषा दीजिये।
उत्तर:
आय में होने वाले परिवर्तन के फलस्वरूप बचत में होने वाले परिवर्तन को सीमान्त बचत प्रवृत्ति कहते हैं। इसे निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता है
सीमान्त बचत प्रवृत्ति = ΔSΔYΔSΔY

प्रश्न 6.
सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति को परिभाषित कीजिए।
उत्तर:
आय में परिवर्तन के कारण उपभोग में परिवर्तन के अनुपात को सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति कहते हैं। इसे निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात करेंगे
सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति = ΔCΔYΔCΔY

प्रश्न 7.
सामूहिक (या समग्र) पूर्ति से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
किसी अर्थव्यवस्था में सभी उत्पादकों अथवा सभी फर्मों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल उत्पादन सामूहिक पूर्ति अथवा समग्र पूर्ति कहलाती है।

प्रश्न 8.
प्रयोजित बचत का अर्थ बताइए।
उत्तर:
किसी अर्थव्यवस्था में कोई व्यक्ति अपनी आय में से जितना भाग बचाना चाहता है, उसे हम प्रयोजित बचत कहते हैं।

प्रश्न 9.
पूँजी की सीमान्त कुशलता (क्षमता) को बताइए।
उत्तर:
किसी पूँजी पदार्थ की एक अतिरिक्त इकाई में निवेश करने से जो लाभ की दर प्राप्त होने की आशा होती है,

प्रश्न 10.
औसत बचत प्रवृत्ति से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
कुल बचत तथा कुल आय के अनुपात को औसत बचत प्रवृत्ति कहते हैं। इसे निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता है।
औसत बचत प्रवृत्ति =SY=SY

प्रश्न 11.
औसत उपभोग प्रवृत्ति किसे कहते हैं?
उत्तर:
कुल उपभोग और कुल आय के अनुपात को औसत उपभोग प्रवृत्ति कहते हैं। इसे निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है
औसत उपभोग प्रवृत्ति = CYCY

प्रश्न 12.
पूर्ण रोजगार से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
पूर्ण रोजगार अर्थव्यवस्था की वह स्थिति है जिसमें मजदूरी की वर्तमान दर पर जितने लोग काम करना चाहते हैं, उन्हें पूरा रोजगार प्राप्त हो जाए।

प्रश्न 13.
निर्गत गुणक किसे कहते हैं?
उत्तर:
अन्तिम वस्तुओं के निर्गत के सन्तुलन मूल्य में कुल वृद्धि और स्वायत्त व्यय में आरम्भिक वृद्धि के अनुपात को अर्थव्यवस्था का निर्गत गुणक कहते हैं।

प्रश्न 14.
वास्तविक बचत से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
किसी अर्थव्यवस्था में किसी विशेष आय के स्तर पर उपभोग के पश्चात् आय का जो भाग बचता है, उसे वास्तविक बचत कहते हैं।

प्रश्न 15.
उपभोग प्रवृत्ति की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

1. उपभोग प्रवृत्ति से अभिप्राय उपभोग करने की इच्छा नहीं है वरन् इसका अभिप्राय उपभोग पर
2. आय के शून्य होने पर भी उपभोग शून्य नहीं हो सकता है।

प्रश्न 16.
आय, बचत को किस प्रकार प्रभावित करती है?
उत्तर:
आय एवं बचत में सकारात्मक सम्बन्ध है। आय बढ़ने पर बचत में वृद्धि होती है तथा आय के कम होने पर बचत की मात्रा भी कम होती है।

प्रश्न 17.
कीन्स के अनुसार आय तथा रोजगार का स्तर किस पर निर्भर करता है?
उत्तर:
कीन्स के अनुसार किसी विशेष समय अवधि में किसी देश में आय तथा रोजगार का स्तर प्रभावपूर्ण माँग पर निर्भर करता है।

प्रश्न 18.
कीन्स के अनुसार पूर्ण रोजगार के लक्ष्य को किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है?
उत्तर:
माँग अर्थात् निवेश को बढ़ाकर पूर्ण रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रश्न 19.
सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

1. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति सदैव धनात्मक होती है तथा यह कभी भी शून्य नहीं हो सकती।
2. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति सदैव इकाई से कम होती है।

प्रश्न 20.
कीन्स का उपभोग का मनोवैज्ञानिक नियम क्या है?
उत्तर:
इस नियम के अनुसार जब आय में वृद्धि होती है तो उपभोक्ता का उपभोग अवश्य बढ़ता है; किन्तु वह उतना नहीं बढ़ता जितनी आय में वृद्धि होती है।

प्रश्न 21.
प्रेरित निवेश किन तत्त्वों से प्रभावित होता है?
उत्तर:
किसी अर्थव्यवस्था में प्रेरित विनियोग आय के स्तर, आय के परिवर्तनों, उपभोग प्रवृत्ति, अचल पूँजी के स्टॉक आदि तत्वों द्वारा प्रभावित होता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 22.
पैरामेट्रिक शिफ्ट से आप क्या समझते
उत्तर:
b = ma + b के रूप में सरल रेखीय समीकरण को दर्शाने वाले एक आरेख में यदि m के मूल्य में परिवर्तन होता है तो आरेख में स्थित सरल रेखा ऊपर या नीचे की ओर शिफ्ट हो जाती है, इसे रेखा का पैरामेट्रिक शिफ्ट कहा जाता है।

प्रश्न 23.
निवेश का अर्थ उदाहरण सहित समझाइए। उत्पादक के निवेश सम्बन्धी निर्णय का निर्धारक कारक क्या है ?
उत्तर:
निवेश को भौतिक पूँजी स्टॉक जैसे मशीन, भवन, सड़क आदि (अर्थात् ऐसी कोई भी वस्तु जिससे भविष्य में अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता बढ़े) में वृद्धि और उत्पादक की माल सूची (तैयार माल का स्टॉक) में परिवर्तन के रूप में परिभाषित किया जाता है। उत्पादकों का निवेश सम्बन्धी निर्णय ब्याज की बाजार दर पर निर्भर करता है।